# I-PERIODIC TEST : 2023-24

## CLASS - X (CBSE)

## HINDI

Time: 2 hrs. M.M.: 50

---

निर्देश :– 1 प्रस्तुत प्रश्नपत्र में 2 खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।
2. सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### खण्ड–अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**Q.1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **[1×5=5]**

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया। उसकी दृष्टि में मनुष्य के भीतर जो भी आंतरिक तत्व स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वहीं चरम और परम है। लोभ–मोह, काम–क्रोध आदि विकार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन और बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना, बहुत निकृष्ट आचरण हैं भारतवर्ष ने उन्हें सदा संयम के बंधन में बाँध कर रखने का प्रयत्न किया है। इस देश के कोटि–कोटि दरिद्र जनों की हीन अवस्था को सुधारने के लिए अनेक कायदे–कानून बनाए गए जिन लोगों को उन्हें कार्यान्वित करने का काम सौंपा गया वह अपने कर्त्तव्यों को भूलकर अपनी सुख–सुविधा की ओर ज्यादा ध्यान देने लगे। वह लक्ष्य की बात भूल गए और लोभ, मोह जैसे विकारों में फँसकर रह गए। आदर्श उनके लिए मजाक का विषय बन गया और संयम को दकियानूसी मान लिया गया। परिणाम जो होना था, वह हो रहा है लोग लोभ और मोह में पड़कर अनर्थ कर रहे हैं, इससे भारतवर्ष के पुराने आदर्श और भी अधिक रूप से महान और उपयोगी दिखाई देने लगे हैं। अब भी आशा की ज्योति बुझी नहीं हैं महान भारत वर्ष को पाने की संभावना बनी हुई है, और बनी रहेगी।

1) लेखक के मतानुसार निकृष्ट आचरण का स्वरूप है–
   - क) व्यक्ति का दुष्चरित्र होना और आदर्शों से पतन।
   - ख) स्वार्थ हेतु दूसरों के कार्यों में बाधा।
   - ग) मन और बुद्धि पर लोभ–मोह आदि का नियंत्रण।
   - घ) कानून के उल्लंघन द्वारा सामाजिक अव्यवस्था।

2) लोभ–मोह आदि विकारों के नियंत्रण का साधन है –
   - क) धर्म ख) कानून ग) संयम घ) सत्संगति

3) करोड़ों गरीबों की दशा सुधारने के प्रयास सफल नहीं हुए क्योंकि लागू करने वाले –
   - क) स्वार्थवश अपना कर्तव्य भूल गए। ख) काम पूरा न कर सके।
   - ग) सफलता के प्रति शंकालु हो गए। घ) पर्याप्त धन न होने से असफल हो गए।

4) आदर्श एवं संयम को दकियानूसी मानने का दुष्परिणाम है–
   - क) देश में फैली अराजकता। ख) समाज में व्याप्त नैतिकता।
   - ग) लोभ और मोह से हो रहे अनर्थ। घ) भ्रष्ट साधनों से अर्जित धन।

5) दकियानूसी का पर्यायवाची है –
   - क) भाग्यवादी ख) रूढ़िवादी ग) साम्यवादी घ) विस्तारवादी

**Q.2.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **[1×5=5]**

शीश पर मंगल कलश रख
भूलकर जन के सभी दुख
चाहते हो तो मना लो जन्मदिन भूखे वतन का।
जो उदासी है हृदय पर,
वह उभर आती समय पर,
पेट की रोटी जुटाओ,
रेशमी झंडा उड़ाओ,
ध्यान तो रखो मगर उस फटे नंगे–बदन का।
तन कहीं पर, मन कहीं पर, धन कहीं पर, निर्धन कहीं पर,
फूल की ऐसी विदाई, शूल को आती रुलाई,
आँधियों के साथ जैसे हो रहा सौदा चमन का।
आग ठंडी हो, गरम ही, तोड़ देती है भरम को, क्रांति है आनी किसी दिन, आदमी घड़ी आ रहा गिन,
राख कर देता सभी कुछ अधजला दीपक भवन का।
जन्मदिन भूखे वतन का।

1) कवि किस के दुख से व्यथित है –
क) भूखे लोगों के दुख से  ख) वंचित लोगों के दुख से
ग) शोषित लोगों के दुख से  घ) बीमार लोगों के दुख से

2) कविताकी पंक्तियों में किसे ध्यान रखने को कहा जा रहा है ?
क) मध्यमवर्गीय लोगों को  ख) संभ्रांत लोगों को
ग) निम्न वर्गीय लोगों को  घ) फटेहाल लोगों को

3) कवि किस के एक दिन आने की संभावना व्यक्त कर रहा है ?
क) प्राकृतिक आपदा  ख) क्रांति
ग) नई सरकार  घ) इनमें सभी

4) घड़ियाँ कौन गिन रहा है ?
क) कवि  ख) शत्रु  ग) आदमी  घ) मित्र

5) कौन भवन को जलाकर राख कर देता है ?
क) दीपक  ख) अधजला दीपक
ग) बल्ब  घ) इनमें से कोई नहीं

Q.3. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×4=4]

1) 'ज्यों ही मैंने दरवाजा खोला कि वह आ गया' रचना के आधार पर वाक्य भेद है ?
क) सरल वाक्य  ख) संयुक्त वाक्य
ग) मिश्र वाक्य  घ) इनमें से कोई नहीं

2) 'विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है ?
क) सरल वाक्य  ख) मिश्र वाक्य
ग) संयुक्त वाक्य  घ) इनमें से कोई नहीं

3) 'राजनीति जब एक व्यवसाय बनती जा रही है जो गुंडागीरी के बल पर चलती है' रचना के आधार पर वाक्य भेद है ?
क) संयुक्त वाक्य  ख) मिश्र वाक्य
ग) सरल वाक्य  घ) इनमें से कोई नहीं

4) निम्न में से सरल वाक्य का चयन कीजिए :–
क) उसने कहा कि कार्यालय बंद हो गया।  ख) सुबह हुई और वह आ गया।
ग) राहुल धीरे–धीरे लिखता है।  घ) जो बड़े हैं उन्हें सम्मान दो।

5) रचना या बनावट की दृष्टि से कौन वाक्य का भेद नहीं है ?
क) सरल वाक्य  ख) मिश्र वाक्य  ग) समूह वाक्य  घ) संयुक्त वाक्य

Q.4. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [1×4=4]

1) कर्तृवाच्य की क्रिया होती है –
क) अकर्मक–सकर्मक  ख) अकर्मक
ग) सकर्मक  घ) कोई नहीं

2) 'मैं बेकार नहीं बैठ सकता' वाक्य का भाववाच्य में परिवर्तन है –
क) मुझसे बेकार नहीं बैठा जा सकता  ख) मेरे द्वारा बेकार नहीं बैठा जाएगा
ग) मैं बेकार नहीं बैठूँगा  घ) मैं बेकार नहीं बैठ सकता था

3) कर्तृवाच्य में क्रिया किसके अनुसार प्रयुक्त होती है ?
क) कर्ता के अनुसार  ख) कर्म के अनुसार
ग) भाव के अनुसार  घ) इनमें से कोई नहीं

4) निम्नलिखित में से कौन–सा कर्तृवाच्य का उदाहरण है –
क) तुलसीदास के द्वारा रामचरितमानस की रचना की गई
ख) तुलसीदास से रामचरितमानस रचा गया
ग) तुलसीदास द्वारा रामचरितमानस रची गई।
घ) तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की गई

5) 'बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे' वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तन है –
क) बालगोबिन भगत ने प्रभातियाँ गाईं।
ख) बालगोबिन भगत द्वारा प्रभातियाँ गाई जाती थी।
ग) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाएंगे।
घ) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गा रहे थे।

Q.5. निम्नलिखित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [1×4=4]

1) अलंकार शब्द का अर्थ है –

क) सोना ख) चाँदी ग) आभूषण घ) वस्त्र

2) 'मेघ आए बड़े बन ठन के संवर के' पंक्ति में अलंकार बताइए –

क) यमक ख) श्लेष ग) उत्प्रेक्षा घ) मानवीकरण

3) 'सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा' पंक्ति में अलंकार है –

क) श्लेष ख) मानवीकरण ग) उत्प्रेक्षा घ) यमक

4) श्लेष अलंकार का उदाहरण है –

क) कोटिकुलिसु सम वचन तुम्हारा

ख) सुबरन को खोजत फिरत कवि व्यभिचारी चोर

ग) बालक बोलि बधौं नहि तोही

घ) जितने तुमने तारे हैं उतने नहीं गगन में तारे हैं।

5) 'भूप सहस दस एकहि बारा लगे उठावन टरत न टारा' पंक्ति में अलंकार बताइए –

क) उत्प्रेक्षा ख) यमक ग) अतिशयोक्ति घ) श्लेष

Q.6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [1×5=5]

जीप कस्बा छोड़ कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग–रूप या कद का नहीं, उस भावना का है, वरना तो देशभक्ति भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही हैं दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है।

1) हालदार साहब को कस्बे के नागरिकों का कौन सा प्रयास सराहनीय लगा –

क) कस्बे में सड़क बनाने का ख) विद्यालय बनवाने का

ग) नेता जी की मूर्ति बनवाने का घ) अस्पताल बनवाने का

2) देशभक्ति की आजकल कैसी स्थिति है –

क) वह मजाक की चीज बन गई है। ख) वह बढ़ती जा रही है।

ग) वह समाप्त हो गई है। घ) वह सबके मन में बसी है।

3) गद्यांश में किस भावना के महत्व की बात की गई है –

क) प्रेम की भावना के महत्व की।

ख) रंग–रूप की भावना के महत्व की।

ग) देशभक्तों के प्रति श्रद्धा भावना के महत्व की।

घ) स्वार्थ की भावना के महत्व की।

4) दूसरी बार हालदार साहब को मूर्ति में क्या अतर दिखाई दिया –

क) मूर्ति पर रंग कर दिया गया था। ख) मूर्ति को माला पहनाई गई थी।

ग) मूर्ति पर चश्मा दूसरा था। घ) मूर्ति को बदल दिया गया था।

5) कस्बे के नागरिकों का प्रयास किस दृष्टि से सराहनीय था–

क) देशभक्तों को सम्मान देने की दृष्टि से।

ख) कस्बे को सुसज्जित करने की दृष्टि से।

ग) कस्बे में एकता बनाने की दृष्टि से।

घ) कस्बे को सुरक्षित बनाने की दृष्टि से।

Q.7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [1×2=2]

1) लखनवी अंदाज में लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है –

क) पतन शील सामंती वर्ग पर ख) सभी लेखकों पर

ग) परजीवियों पर घ) इनमें से किसी पर नहीं

2) नवाब साहब सेकंड क्लास में यात्रा क्यों करना चाहते थे ?

क) अपनी नवाबी दिखाना चाहते थे

ख) ताकि उन्हें कोई खीरा खाते न देख सके

ग) ताकि वह आरामदायक बर्थ पर बैठ सकें

घ) यह उनका शौक था

Q.8. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×5=5]

जिसके अरुण कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।
उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।
सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की ?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म–कथा ?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

1) किस के कपोलों की बात की गई है –
क) शिशु के ख) प्रेमिका के
ग) मित्र के घ) इनमें से कोई नहीं

2) प्रेमिका के कपोल कैसे थे –
क) पीले ख) लाल ग) श्वेत घ) गंदे

3) कवि ने अपनी प्रेमिका की स्मृति को क्या कहा है –
क) कथा ख) व्यथा
ग) जीवन पथ का संबल घ) पूँजी

4) कवि किसकी बड़ी कथाएँ कहने में असमर्थ है –
क) अपने छोटे से जीवन की ख) अपने छोटे से परिवार की
ग) अपने देश की घ) अपने समाज की

5) कवि की कौन व्यथा किस स्थिति में है –
क) जागी हुई है ख) व्यग्र है
ग) थकी सोई है घ) इनमें से कोई नहीं

Q.9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1×2=2]

1) गोपियों ने उद्धव को योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने के लिए कहा है ?
क) साधु संतों को ख) जिनके मन कठोर हैं।
ग) जिनके मन स्थिर हैं। घ) जिनके मन स्थिर नहीं हैं।

2) पाठ में मधुकर शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है –
क) उद्धव के लिए ख) श्री कृष्ण के लिए
ग) गोपियों के लिए घ) साधुओं के लिए

## खण्ड 'ब' (वर्णानात्मक प्रश्न)

Q.10. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [2×3=6]

क) सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?
ख) नेता जी की मूर्ति पर सरकण्डे का चश्मा देखकर हालदार साहब भावुक क्यों हो उठे ?
ग) लेखक ने सेकण्ड क्लास का टिकट क्यों लिया ?
घ) लेखक को नवाब साहब के किन हाव–भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं ?

Q.11. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [2×3=6]

क) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?
ख) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?
ग) आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं' कवि ऐसा क्यों कहता है ?
घ) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ?

Q.12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– [2×1=2]

क) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल–खेलने की सामग्री से कैसे भिन्न है ?
ख) माता का अंचल पाठ में भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

#####